**Regarding leakage of exam papers in Bihar**

श्री राजेश रंजन **(पूर्णिया) :** माननीय सभापति महोदया, नालन्दा, पेपर एग्ज़ामिनेशन और घोटाला, ये बीपीएससी, यूपीएससी, नियोजित शिक्षक परीक्षा के संबंध में पूरक बन गए हैं । पेपर्स लीक के मामले लगातार हो रहे हैं ।

महोदया, परम ज्ञान निकेतन, गया से लेकर कई ऐसे स्कूल्स में पेपर्स लीक के मामले आए हैं। कोई भी एग्ज़ामिनेशन बिना पेपर लीक के नहीं हो पा रहा है । अभी सीजीएल परीक्षा का जो मामला आया, उसमें यह आया कि एक बच्चे की रिजल्ट 40 लाख रुपये लेकर दी गयी । यह रिपोर्ट आ गयी है ।

मैडम, दूसरा, नॉर्मेलाइजेशन का मुद्दा उठा । उसी बीच, सॉफ्टवेयर की गलती के कारण हमारे यहां के 85 हजार बच्चे फॉर्म नहीं भर सके । उसका एक्सटेंशन नहीं हुआ । दो पदाधिकारी ? एम. एम. राजू, और परमार - इन दोनों को गलत तरीके से, जबकि उन पर विजिलेंस की जांच हो गयी, एफ.आई.आर. हो गयी और उनकी पोस्टिंग कर दी गयी ।

मैडम, मेरा मामला सिर्फ पेपर लीक का नहीं है, बल्कि भ्रष्टाचार का भी है ।? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्य श्री राजेश वर्मा जी ।